हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 28 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 20.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

9 आजादी के महानायकों को किया श्रद्धा से याद



10 हर नागरिक को संविधान से मिला स्वतंत्रता का अधिकार ..



## खबर संक्षेप

### एमडीयू की परीक्षाओं के दृष्टिगत निषेधाज्ञा लागू

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने 28 जनवरी से 25 फरवरी 2025 तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक व स्नातकोत्तर की आयोजित करवाई जा रही परीक्षाओं के दृष्टिगत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत परीक्षा केंद्रों की सौ मीटर की परिधि में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, हथियार जैसे विस्फोटक, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू व अन्य हथियार लेकर चलने पर पाबंदी लगाई गई है। परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में जेरोक्स कार्य / फोटो स्टेट दुकानें, डुप्लीकेटिंग सुविधा, साइबर कैफे व ट्रांसमिटिंग गतिविधियां पूर्णतया प्रतिबंधित रहेंगी।

### कार्यालय महम में रोजगार मेला कल

**महम।** उपमंडल रोजगार कार्यालय महम के लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पीएफएनएल सिक्योरिटी एजेंसी द्वारा ऑफिस रिसेप्शनिस्ट, अकाउंटेंट व सुरक्षा गार्ड आदि पदों की भर्ती करेगी। सहायक रोजगार अधिकारी धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि इस मेलें में आयु सीमा 20 से 45 वर्ष होगी। सुरक्षा गार्ड के लिए योग्यता 10वीं पास व ऑफिस रिसेप्शनिस्ट और अकाउंटेंट के लिए अभ्यर्थी स्नातक पास होना चाहिए। इस मेलें में महिला और पुरूष सभी भाग ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र रोहतक या रोहतक के आसपास ही रहेगा।

### पीजीआईएमएस चिकित्सा अधीक्षक किया निरीक्षण

**रोहतक।** पीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल ने वार्ड चार का औचक निरीक्षण किया और साफ-सफाई को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के स्टाफ को वार्ड में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। इसके अलावा, डॉ. कुंदन मित्तल ने पुराने सामान को कंडम करवाने के लिए भी आदेश दिए, जिससे अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें।

### व्यक्ति से 60,800 रुपये की ऑन लाइन ठगी

**महम।** महम में बीमा क्लेम देने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ 60800 रुपए की ऑन लाइन ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में महम के वार्ड 11 निवासी पवन कुमार पुत्र कृष्ण लाल ने बताया कि उसके पास दो मोबाइल नंबर से कॉल आई। जिसमें उसको बताया गया कि आपका एचडीएफसी बीमे का बोनस क्लेम लेने के लिए आपके एजेंट ने आवेदन किया हुआ है। यदि आप बोनस खुद लेना चाहते हैं तो आपको 6200 रुपए देने होंगे। उसके बाद उसने ये पेमेंट उनको गुगल पे कर दी।

### शामलात भूमि पर बने मकानों को नियमित का निर्णयः डीसी

**रोहतक।** सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में शामलात की भूमि पर 500 वर्गगज तक मकान बनाकर गत 20 वर्षों से रहने वाले नागरिकों के मकान को निर्धारित कलेक्टर रेट भरवाकर नियमित किया जाएगा, हालांकि यह मकान सड़क अथवा तालाब की भूमि में न बने हुए हो। ऐसे व्यक्तियों की जानकारी ग्राम सचिवों के माध्यम से संबंधित विकास एवं पंचायत अधिकारी को उपलब्ध करवाई जाए। धीरेंद्र खड़गटा ने लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त अभिनव सिवाच, उपमंडलाधीश आशीष कुमार के साथ नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे।

**शेर के शावकों का नामकरण समारोह:** वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह पहुंचे चिड़िया घर

# रोहतक चिड़िया घर में अब 7 'सिंह' शावक नाम चैतन्य, वीरु, संजू, दीया, नव्या, चंचल व अन्नू

- अरावली क्षेत्र में 10 हजार एकड़ में स्थापित की जाएगी विश्व की सबसे बड़ी जंगल सफारी
- इलेक्ट्रिक कार्ट में सवार होकर चिड़िया घर का भ्रमण किया तथा चिड़िया घर में रखे गए पशु-पक्षियों का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव, विदेशी सहयोग, सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आगामी छह माह में हरियाणा में अरावली क्षेत्र में लगभग 10 हजार एकड़ में जंगल सफारी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिलान्यास करवाया जाएगा। एनसीआर क्षेत्र में जंगल सफारी स्थापित करना प्रधानमंत्री का ड्रिम प्रोजेक्ट रहा है। उन्होंने चिड़िया घर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सफेद तोता भी लेकर आए, जो उन्होंने मॉरिसस की घाटी में देखा था। वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह स्थानीय चिड़िया घर में सिंह शावक नामकरण समारोह में में कही। इससे पूर्व उन्होंने इलेक्ट्रिक कार्ट में सवार होकर चिड़िया घर का भ्रमण किया तथा चिड़िया घर में रखे गए पशु-पक्षियों का अवलोकन किया। उन्होंने एशिया शेर के तीन नर तथा चार मादा सहित सात शावकों में से चार शावकों का नामकरण किया। उन्होंने नर शावकों को चैतन्य व वीरु नाम दिया तथा तीसरे नर शावक को संजू नाम दिया गया। उन्होंने दो मादा शावकों को दीया व नव्या नाम दिया। एक मादा शावक को उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने चंचल नाम दिया तथा चौथी मादा शावक का अन्नू नाम रखा गया। उन्होंने नन्हें शावक को गोद में उठाकर दुलारा तथा चिड़िया घर परिसर में पौधरोपण भी किया।





**रोहतक।** चिड़िया घर में मादा शावक को लेकर नाम रखते हुए हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव, विदेशी सहयोग, सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह एवं निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जानवरों की जानकारी ली

उन्होंने इलेक्ट्रिक कार्ट में सवार होकर चिड़िया घर में रखे गए पशु पक्षियों का अवलोकन किया। उन्होंने बारहसिंगा, शतुरमुर्ग, चौसिंगा, काला हिरण, चिंकारा, घारेल, छोटा कस्तुरी मृग, हिमालयी काला भालू, 22 वर्षीय तेंदुआ, रोसेला तोता, मगरमच्छ, घड़ियाल, कच्छवा, ब्राजील में पाए जाने वाला दुनिया का सबसे छोटा बंदर मार्मोसेट, एशियाई शेर, बाघ इत्यादि का अवलोकन किया तथा उनके बारे में जानकारी हासिल की।

### मौजूद रहे

इस अवसर पर वन एवं वन्य प्राणी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनित गर्ग, उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा, डीएफओ सुन्दर लाल, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, सुखबीर चंदोलिया मौजूद रहे।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि गत दिनों शारजाह में एक हजार एकड़ में स्थापित की गई विश्व की सबसे बड़ी जंगल सफारी का अवलोकन किया है, जो काफी सुंदर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में जंगल सफारी स्थापित करने बारे उनके ड्रीम प्रोजेक्ट को सांझा किया था। हरियाणा में अरावली क्षेत्र में 10 हजार एकड़ में विश्व की सबसे बड़ी जंगल सफारी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श कर रहे है तथा विचार-विमर्श के बाद आम लोगों की सुविधा के दृष्टिगत बेहतर बजट प्रस्तुत किया जाएगा। सरकार द्वारा निरंतर जनहित में कार्य किए जा रहे है। देश व प्रदेश की जनता ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर मोहर लगाते हुए जनादेश दिया है। जनता कार्यों के आधार पर ही जनादेश देती है। विपक्ष का कार्य सिर्फ सरकार की आलोचना करना है। उन्होंने कहा कि वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में है तथा वहां के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को बहुतमत देने का मन बना लिया है।

## मंत्री राव नरबीर सिंह का एमडीयू में किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा के इंडस्ट्री एंड कॉमर्स, एनवायरनमेंट, फॉरेस्ट एंड वाइल्डलाइफ मिनिस्टर राव नरबीर सिंह का आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर ने भी कैबिनेट मिनिस्टर राव नरबीर सिंह का अभिनंदन किया।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह को एमडीयू की विकास यात्रा से अवगत करवाया और भविष्य की योजनाओं का ब्यौरा दिया। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने एमडीयू कैंपस की विजिट की। उन्होंने विवेकानंद लाइब्रेरी का दौरा किया, जहां लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक ने लाइब्रेरी की विशेषताओं बारे बताया। मंत्री राव नरबीर सिंह ने एमडीयू की शैक्षणिक, शोध, सांस्कृतिक और खेल उपलब्धियों की सराहना की और कुलपति और उनकी टीम को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान, रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के सीनियर एडवाइजर प्रो. राजकुमार उपस्थित रहे।




कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह को स्मृति चिन्ह देते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह व अन्य प्रोफेसर।

**मानसरोवर पार्क के पास हादसा, घायल को पीजीआई में भर्ती करवाया**

## तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

मानसरोवर पार्क के पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार युवकों को टक्कर मारी। जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रहागीरों की मदद से पीजीआई में भर्ती करवाया गया। वहीं, मृतक की पहचान गुलफान अली के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गांव कचनाल बिलासपुर रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी गुलफान अली के रुप में हुई। बताया जा रहा है कि दोनों युवक आर्डर लेकर आर्य नगर गए थे। आर्डर देकर वापस लौट रहे थे तो एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें गुलफान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल जैनुउल ने बताया कि उसकी सरकूलर रोड पर बिरयानी की दुकान है। वह अपने दोस्त गुलफान के साथ आर्डर की डिलीवरी देने गया था। वापस आते समय स्कार्पियों की टक्कर के कारण गुलफान की मौत हो गई। जैनुउल ने बताया कि हेलमेट पहनने के कारण उसकी जान बच गई।



### पुलिस कर रही जांच

स्कूटी को टक्कर मारने के बाद कार ने एक क्रेटा गाड़ी को टक्कर मारी। इसके बाद दुकानों के बाहर रखे काउंटरों को टक्कर मारते हुए गाड़ी मौके पर ही बंद हो गई। गाड़ी से दो युवक निकले, जिनकी पहचान धीरज चुघ निवासी शक्ति नगर ग्रीन रोड के रूप में हुई, जो गाड़ी चला रहा था। दूसरा युवक निकुंज निवासी हिसार रोड है। वहीं, पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। **-संजय कुमार**, जांच अधिकारी

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 पुलिस जवानों को किया सम्मानित

**रोहतक।** सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य करने वाले वाले पुलिस जवानों को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह जानकारी एसपी एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने दी। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेहतरीन परेड़ करने पर पुलिस की दोनों टुकड़िया व परेड कमांडर ट्रेनी आईपीएस कांची सिंघल को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं, गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन पर कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से अपना कार्य करने वाले रोहतक पुलिस के 11 पुलिस अधिकारियों-जवानों को सम्मानित किया है। जवानों को कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी व बहादुरी से अपना कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**इंडस पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया**

## प्रत्येक नागरिक को देश के त्याग बलिदान और सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने ध्वजारोहण किया। सभी स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रगान गाया। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी, उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को देश के त्याग बलिदान और सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। प्रधानाचार्या ने जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी व सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।



### मंत्रोच्चारण व यज्ञ द्वारा मनाई मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि

**रोहतक।** इंडस पब्लिक स्कूल में सोमवार को स्वर्गीय मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें निदेशक प्रधानाचार्या सुषमा झा और सभी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। विद्यालय की निदेशिका डॉ. एकता सिंधु ने अपने संदेश में कहा कि हमें वैदिक पथ पर चलते हुए सच्चाई व अच्छाई के मार्ग को अपनाना चाहिए व अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। विद्यालय की निदेशक प्रधानाचार्या सुषमा झा ने भी वैदिक संस्कृति को बढ़ावा देते हुए कहा कि हमें अपने देश, समाज व परिवार के प्रति कर्तव्यों को समझकर उनका निर्वहन करना चाहिए।

**अच्छी खबर** दूरी के हिसाब से 10, 15 व 20 रुपये किराया निर्धारित किया गया

# जिले को मिली 5 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें, मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने झंडी दिखाकर किया रवाना

- सीसीटीवी कैमरा और पैनिक बटन फीचर से लैस हैं बसें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

प्रदेश के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गणतंत्र दिवस समारोह के उपरांत राजीव गांधी खेल स्टेडियम परिसर से प्रदेश सरकार की सिटी बस सेवा के तहत पांच वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्री ने नारियल तोड़कर सिटी बस सेवा को शुरू किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जिला वासियों को इलेक्ट्रिक बसों की सौगात दी गई है। सिटी बस सेवा के तहत प्रथम चरण में पांच वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें शुरू की गई है। यह इलेक्ट्रिक बसें बस स्टैंड से विभिन्न रूटों पर संचालित होंगी। आम जनता के दृष्टिगत इन वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों में दूरी के हिसाब से 10, 15 व 20 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को इन बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है। निर्धारित रूट पर हर 15 मिनट बाद इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध रहेंगी।



**रोहतक।** वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को झंडी दिखाकर रवाना करते प्रदेश के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो : हरिभूमि

### मौजूद रहे

इस अवसर पर उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, उपमडलाधीश आशीष कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, डिपो के महाप्रबंधक बीबी गोगिया, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, दीपक हुड्डा, धर्मबीर शर्मा, एडवोकेट अनिता बुधवार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### मलखंभ में करतब दिखाते छात्र



**रोहतक।** 75 वर्ष पहले सन 1950 में आज ही के दिन लागू हुए संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला है। यह बात विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार 26 जनवरी को राजीव गांधी खेल परिसर में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्यातिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद जिला वासियों को कही। इस मौके पर छात्रों ने मलखंभ में करतब दिखाया।

हरिभूमि

# सहेली

वसंत पंचमी विशेष



आ गया वसंत.. सुहाना-मोहक वसंत..! उपवनों में खिले सतरंगी फूल, इस पर मंडराते भंवरे, रंग-बिरंगी-प्यारी तितलियां और वृक्षों पर आईं नई कोंपलें, इनके बीच फुदकती मैना, कोयल की मधुर कूक एक अलग ही वातावरण बनाती हैं। स्वयं का मन भी उल्लासित हो उठता है। वसंत जीवन में नई ऊर्जा पैदा कर हमें नवसृजन के लिए प्रेरित करता है, जीवन में नए रंग भरता है।

## वसंत पंचमी राग-अनुराग की जीवंत रुत

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

शीत की ठिठुरन से सहमी-सिमटी सी प्रकृति, वसंत के दस्तक देते ही उल्लास भरी अंगड़ाई लेने लगती है। धरती के पोर-पोर में नई रंगत छा जाती है। सूनी-स्याह रातों का कोहरा छंटने लगता है। उल्लासित प्रकृति सतरंगी पुष्पों से सजी चूनर ओढ़कर इठलाने लगती है। किसी भी कोण से देखें, ऋतु चक्र का यह पड़ाव सृजनशीलता का सार्थक संदेश देता प्रतीत होता है। हर ओर लचकती डालियों पर खिलते फूल और भंवरों की गुनगुन सुनाई देने लगती है। इन दिनों धरा ऐसी धुन गाती है कि हर किसी का मन उसमें रम जाए। सचमुच, मौसम की सबसे प्यारी करवट कहा जाने वाला वसंत, जीवन में नई उमंग-तरंग लेकर आता है। इतना ही नहीं, प्रकृति को जरा ठहर कर देखने के भाव भी जगाता है वसंत। हर तरफ बिखरी वासंतिक छटा हाथ थामकर कुछ पल सुकून से बैठने का न्योता देती है।

### भीतर भी हो वसंत

रंग-बिरंगे फूल और सुवासित हवा का खिला-खिला परिवेश वसंत के आगमन का संदेश देते हुए साथ चलने की चिट्ठी हाथ में थमा देता है। वसंत कहता है कि क्यारियों में खिले फूलों के साथ मानवीय मन में भी सुख के पुष्प खिलें। रचनात्मक सोच की कलियां चटकने लगें। तितलियों की नाजुक परों से भरी उड़ान से आसमान को छूने की जिजीविषा बलवती हो। पेड़ों से झरते सूखे पत्तों के समान दुख का भारी कंबल उतार कर बेहतरी की आशाओं वाली गुनगुनी धूप में बैठकी हो। शरद की ठिठुरन के समान ही उदासी को विदा कर जीवन में उम्मीदों का स्वागत किया जाए। सरसों के खेतों के चटक रंग में उतरा वसंत मुस्कुराते हुए समझाता है कि हर जद्दोजहद के बीच सजीव सोच की ऊर्जा लिए पीतवर्णी आभा से मन-जीवन दमकता रहे। वसंत समझाता है कि आस-पास के वातावरण में खिलते फूलों, फूटती कोंपलों और बदलती हवा को लेकर हमारा मन जागृत रहे। भंवरों की गुंजन और कोयल की कूक के स्वर सुनाता वसंत, संबंधों में प्रेमपगे भावों वाली बतकही की समझाइश देता है। राग-अनुराग की यह रुत जीवन के हर पहलू को अनुभूतियों के केसरिया धरातल पर जीना सिखाती है। वसंत का यूं भीतर उतरना सुप्त मनोभावों को जगाकर नवोत्कर्ष की राह सुझाता है।



### आंगन में उतरे वसंत

वसंत हर घर के आंगन में उतरने की इच्छा रखता है। लेकिन आज मां धरती का सुशोभित आंगन जरा सिकुड़ गया है। हमारे चौक-चौबारे सिमट गए हैं। खेतों की पगडंडियों से नाता टूट गया है। वन-उपवन भी छूट गए हैं। तब भी वसंत खिड़की से झांकता जरूर है। इठलाता-मदमाता वसंत बरामदे-बालकनी में भी अपनी छटा बिखरने में पीछे नहीं रहता। यह रुत हमारी थकी-रूखी जिंदगी को भी प्रकृति के प्रेमिल भावों से सींचने का माध्यम बन ही जाता है। आंगन छोटा हो या बड़ा, वसंत का कुसुमित संसार हमारे लिए अपने द्वार खोल देता है। वसंती हवा की चंचलता उदास मन को ऊर्जा देने हमारी देहरी तक आ जाती है। पलाश, महुआ, नीम और अमराई के पुष्पित होने से हर ओर भीनी-भीनी सुवास फैल जाती है। वसंत के मौसम में प्रकृति से दूर होते जा रहे हमारे जीवन तक भी कुदरत के रंग-सुगंध पहुंच ही जाते हैं। वसंत की विनम्रता और अल्हड़पन देखिए कि पेड़-पौधों पर छा जाने वाली बनी-ठनी ऋतु मानवीय हृदय के दरवाजे खटखटाने से भी नहीं चूकती। पेड़ों की डालियों पर नव पल्लव फूटने के पावन समय में पूरी प्रकृति ही त्योहार मनाती प्रतीत होती है। झरे पत्तों के दुख के बजाय नए पत्तों के स्वागत में रत वसंत के साथ पूरा जीवन दर्शन जुड़ा है। प्रफुल्लता संग हर आंगन में उतर कर उत्साह जगाने वाली वसंत ऋतु, श्रमशील भाव के साथ आगे बढ़ते रहने का संदेश भी देती है।



### जीवंत भाव-चाव

ऋतुओं का राजा कहा जाने वाला वसंत का मौसम, कुदरत के सुंदर और जीवंत स्वरूप से मिलवाता है। शीत और ग्रीष्म ऋतु के मध्य का अंतराल सहज शीतलता ही नहीं नई चेतना भी साथ लाता है। यह चैतन्यता प्रकृति से जुड़ी है। वसंत पंचमी को विद्या की देवी सरस्वती के जन्म से भी जोड़ा जाता है। माना जाता है कि प्रकृति के कण-कण की झंकार देवी सरस्वती की वीणा के सुरों से निकली है। खिली-अधखिली कलियों के बीच आनंदित होते भंवरे-तितलियां, मनोहर भावबोध से जोड़ते हैं। अपनी सुंदरता से मोहित करती वसंत ऋतु के परिवेश में उमंग, आशा, आकर्षण और संतुलन सब कुछ दिखता है। असल में यह रुत मानवीय जीवन के हर पहलू में सुंदरता देखने की सोच को बल देती है। उत्तरायण के बाद श्रृंगारित धरती जीवन में विविध वर्णी सज-धज की उपस्थिति के अर्थ बता रही होती है। बौराते आम के वृक्ष चुपके से इशारा करते हैं कि थोड़ा अल्हड़पन आवश्यक है। सच, वसंत मानवीय अनुभूतियों का आधार बचाए रखना भी सिखाता है।

## वासंती रंगों वाली अट्रैक्टिव ट्रेडिशनल ड्रेसेस

जब मौका हो वसंत पंचमी जैसे पर्व का तो आपके लुक में भी वासंती छटा दिखनी चाहिए। इसीलिए हम आपको यहां बता रहे हैं वासंती रंगों वाली ट्रेडिशनल ड्रेसेस ऑप्शंस के बारे में। इनके बारे में जानिए और चुन लें अपनी पसंद की वासंती रंग वाली ड्रेस।

फैशन

निधि गोयल

वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। उन्हें पीला और केसरिया रंग बहुत पसंद है। इसीलिए इस अवसर पर पीले रंग की वस्तुओं का पूजा-पाठ में इस्तेमाल किया जाता है। इस अवसर पर आपको अगर किसी आयोजन में शामिल होना है तो ट्रेडिशनल ड्रेस ही पहनेंगी। ऐसे मौके पर अगर आप पीले रंग की ड्रेस पहनेंगी तो और भी सुंदर लगेंगी। हम आपको बता रहे हैं कि पीले रंग की ड्रेसेस में किस तरह के ऑप्शंस आप सेलेक्ट कर सकती हैं।

**लहंगा:** आजकल मार्केट में बहुत से ऐसे लाइट वेट लहंगे मिल रहे हैं, जिन्हें आप आसानी से कैरी कर सकती हैं। सबसे ज्यादा लाइट वेट लहंगों में पटोला प्रिंट या फिर गोटा वर्क पसंद किए जा रहे हैं। ये लहंगे बहुत सुंदर लगते हैं। भारी न होने की वजह से इन्हें आप पूरे दिन भी पहने रखेंगी तो आपको इनमें दिक्कत नहीं होगी। इनमें आपको बहुत सारे कलर्स और पैटर्न मार्केट में मिल जाएंगे। लेकिन वसंत पंचमी के मौके पर जरूरी हैं कि आप पीले रंग का लहंगा पहनें। जिसमें आप और भी सुंदर लगेंगी।





**सूट:** पटियाला सूट बेहद सुंदर और आकर्षक ड्रेसअप माना जाता है। अगर आप यलो कलर का पटियाला सलवार और यलो दुपट्टा ले रही हैं तो कुर्ते को कंट्रास्ट में जैसे हरा, लाल या फिर बैंगनी पहन सकती हैं। यह सभी रंग पीले के साथ कंट्रास्ट में फबते हैं। अगर आपका मन यलो पैंट या प्लाजो सूट पहनने का है, तो इनमें भी बेहद स्टाइलिश सूट मार्केट में उपलब्ध है। आप अपने हिसाब से इन्हें डिजाइन भी करवा सकती हैं। पैंट और प्लाजो में आप नीचे के साइड कट वर्क या फिर मोती या फिर थ्रेड से वर्क करवा सकती हैं, जिससे आपका सूट बेहद सुंदर नजर आएगा।

**साड़ी:** ट्रेडिशनल ड्रेसेस में सबसे पहले जिक्र साड़ी का आता है। अगर आपके पास बनारसी या सिल्क में पीले रंग की साड़ी है तो आप उसे वसंत पंचमी के अवसर पर पहन सकती हैं। क्योंकि बनारसी और सिल्क साड़ी इस मौसम में बेहद खूबसूरत लगती हैं। आप चाहें तो साड़ी को डिफरेंट बनाने के लिए कोई कंट्रास्ट कलर का ब्लाउज पहन सकती हैं। इसमें आपका लुक बेहद डिफरेंट नजर आएगा। अगर आपका मन कुछ लाइटवेट साड़ी पहनने का है तो जॉर्जेट या फिर शिफॉन में भी आप यलो कलर की साड़ी ट्राई कर सकती हैं। इनमें भी जरी वाला वर्क आता है, जो पहनने पर बेहद सुंदर नजर आता है।

(फैशन डिजाइनर ममता आनंद से बातचीत पर आधारित)





हम आज जो जीवन जी रहे हैं, अपने रिश्तों, दोस्तों या अन्य लोगों के साथ जैसा बर्ताव कर रहे हैं, आने वाले कल में ये सब यादों के रूप में दर्ज हो जाएगा। कई शोध बताते हैं कि मधुर यादें, मुरझाते रिश्तों में जीवंतता भर देती हैं। इसलिए हम अपना बर्ताव सबके साथ हमेशा मधुर-सकारात्मक रखें।

## मुरझाते रिश्तों को जीवंत बना दें हमारे अतीत की मधुर यादें

रिलेशनशिप

नम्रता नदीम

कई शोध बताते हैं कि अगर सावधानी से इस्तेमाल की जाएं तो हमारी सुखद अतीत की यादें, जिंदगी के किसी कठिन मोड़ पर हमारे मुरझाए रिश्तों में फिर से जान डाल देती हैं, बशर्ते हममें इन यादों को मान देने का संस्कार और विनम्रता हो। अतीत के सुखद पलों की यादें हमें फिर से आपस में जोड़ देती हैं। हमारे रिश्तों को बेहतर बना देती हैं।

**महसूस करते हैं स्पेशल बॉन्डिंग:** यह बात सिर्फ पति-पत्नी या प्रेमी-प्रेमिका के संदर्भ में ही लागू नहीं होती बल्कि हम अपने बचपन की फ्रेंड्स के साथ भी इस फार्मूले को कारगर पाते हैं। क्या आपने कभी महसूस किया है कि फ्रेंड्स के साथ अतीत की यादें ताजा करते ही हम कैसे फिर से उनके साथ एक स्पेशल बॉन्डिंग महसूस करने लगते हैं? जी, हां! ऐसा होता है। अतीत की सुखद यादों की एक एनर्जी होती है। अगर हमारे पास अपने बचपन की, परिवार के लोगों के साथ की मधुर और सुखद यादें हैं, तो फिर जिंदगी भर परिवार के लोगों के साथ खटास की आशंका बहुत कम रहती है। दूरियों के कारण या लंबे समय से न मिलने के कारण जो अनमनापन आता जाता है, वह मिलते ही और अतीत की सुखद यादों के ताजा होते ही छू-मंतर हो जाता है। यही बात हमारे लव अफेयर में भी लागू होती है। अगर दो लोगों के बीच जीवन के किसी दौर की बेहद प्यार भरी और सुखद यादें होती हैं तो मुरझाए रिश्तों को फिर से हरा-भरा होने में ज्यादा वक्त नहीं लगता है।

**खुशनुमा यादें भर देती हैं प्यार:** किसी के साथ कठिन पलों में हमें किस तरफ आगे बढ़ना है, यह हमेशा अतीत तय करता है। अगर हमारे पास आपस की सुखद यादें हैं तो रिश्तों के फिर से पटरी पर आने में बहुत देर नहीं लगती। ऐसे मौकों में जल्द ही वह क्षण आ जाता है, जब हम इन दिनों की तुलना अतीत से करने लगते हैं। जब भी हम अतीत के सुखद पलों के बारे में सोचते हैं, तो रिश्तों की खुशनुमा यादें हमें फिर से प्यार और जीवंतता से भर देती हैं। कई बार तो ये यादें हममें खुशी के आंसू ला देती हैं। ये यादें रिश्तों को नए सिरे से मजबूत तो करती ही हैं, सकारात्मक भावनाओं की एक नई लहर पैदा कर देती हैं। इसलिए किसी के साथ भी हमें अपने व्यवहार में कभी भी इतनी कड़वाहट नहीं भरनी चाहिए कि जब वह अतीत बन जाएं तो डराएं या चुभती रहें। हमें कभी भी किसी के साथ कोई खराब व्यवहार यह सोचकर नहीं करना चाहिए कि उसे समझ में नहीं आएगा। हो सकता है, आज समझ में न आए लेकिन कभी समझ में नहीं आएगा, ऐसा तो हो ही नहीं सकता।



**जरूरी है सकारात्मक यादें:** मनोवैज्ञानिक इसीलिए अपने रोजमर्रा के व्यवहार में बहुत ईमानदार और संवेदनशील बने रहने की सलाह देते हैं, ताकि हमारे पास नकारात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक यादों का अतीत हो। वास्तव में जिंदगी में अगर हमारा कोई व्यवहार कभी बाद में हमारे काम आता है, तो वह हमारा ईमानदार और सकारात्मक व्यवहार ही होता है। हम भी और हमसे जुड़े सभी लोग हमेशा अपने जीवन के सकारात्मक पलों को ही याद करते हैं। इसलिए हम सबको रिश्तों में अपना अच्छा व्यवहार सुरक्षित रखना चाहिए। क्योंकि जीवन के कमजोर पलों में हम सहज रूप से अतीत की इस पूंजी से लाभान्वित होते हैं। ऐसा भी होता है कि अगर सचेत रूप से हमारा व्यवहार सकारात्मक रहता है तो अकसर रिश्तों में दूरी या खटास ही नहीं आती। दूसरों के साथ जुड़ाव के क्षणों का आनंद लेना हमें अच्छा महसूस कराता है।

## जब बढ़ जाए वजन ऐसे करें कंट्रोल

सजेशन

मधु सिंह



हालांकि अब ठंड का प्रकोप कम हो रहा है, लेकिन अभी इसका असर बरकरार है। इस मौसम में अपने शरीर को गर्म रखने के लिए हमें अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। मेटाबॉलिज्म रेट बढ़ने से हमारी भूख भी बढ़ने लगती है। इस वजह से लोग सामान्य से ज्यादा मात्रा में खाने लगते हैं, जो ओवर वेट की वजह बन जाता है।

**इसलिए बढ़ता है वजन:** इस मौसम में गर्माहट के लिए वसा से युक्त खाद्य पदार्थ, मीठे और हाई कैलोरीज वाले फूड्स का सेवन ज्यादा किया जाता है। इसके अलावा ठंड से बचने के लिए घर से बाहर निकलना भी कम हो जाता है। ठंड में वॉकिंग और रनिंग जैसी गतिविधियां भी कम हो जाती हैं। शारीरिक गतिविधियां कम होने के कारण शरीर में कैलोरीज की मात्रा गर्मी की तुलना में काफी ज्यादा हो जाती है और कैलोरीज बर्न न हो पाने के कारण वजन बढ़ने लगता है।

**ओवरवेट से बढ़ने वाली प्रॉब्लम्स:** मोटापा बढ़ने के साथ हृदय रोग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां होने का भी रिस्क बढ़ जाता है। वजन ज्यादा बढ़ने से मांसपेशियों और जोड़ों पर दबाव पड़ने से गठिया, जोड़ों का दर्द और हड्डियों से संबंधित बीमारियां घेरने लगती हैं।

**इन उपायों पर करें अमल:** ओवरवेट से बचाव और इससे निजात पाने के लिए आप कुछ बातों पर अमल कर सकती हैं।

- ठंड में घर से बाहर भले न निकलें, घर के भीतर ही रहकर योगाभ्यास और नियमित व्यायाम जरूर करें।
- ठंड में भी पानी पीते रहना चाहिए। दिन में कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पीएं। ताजी हरी सब्जियों के सूप भी लें।
- ज्यादा तले-भुने और नमक वाले प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की बजाय ताजी सब्जियों और फलों को अपनी डाइट में शामिल करें। सूखे मेवे और सीड्स जैसे खाद्य पदार्थों के साथ संतुलित आहार लें।
- ज्यादा कैफीनयुक्त, मोटापा बढ़ाने वाले भोज्य पदार्थों की बजाय प्रोटीनरिच फूड्स जैसे अंडा, दूध, सोयाबीन और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ लें।

देखा जाता है, जब बच्चों के एग्जाम शुरू होने वाले होते हैं तो मांएं टेंशन में आ जाती हैं। आप इस तरह स्ट्रेस में न आएं, इसका बच्चे पर गलत असर पड़ेगा, उसकी परफॉर्मेंस प्रभावित होगी। बच्चे के एग्जाम पीरियड में किन बातों का ध्यान रखें, जानिए।

## एग्जाम टाइम में बच्चों की पढ़ाई ऐसे कराएं

प्रिपरेशन

शिखर चंद जैन



अकसर देखने में आता है कि कुछ मांएं बच्चों के एग्जाम आते ही बहुत टेंशन में आ जाती हैं। इस टेंशन में वे अपने बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालती हैं, उन पर तमाम तरह के प्रतिबंध लगाती हैं। माताएं दिन-रात दबाव के साथ अपने बच्चों को पढ़ाती हैं। अगर आप अपने बच्चे की मां होने के साथ ट्यूटर की भूमिका भी निभाती हैं तो इस बात को समझिए कि ऐसा करने पर आपको और बच्चों को सिवाय परेशानी और तनाव के कुछ हासिल नहीं होगा। आप चाहती हैं कि आपका बच्चा एग्जाम में अच्छा परफॉर्म करे, तो यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करिए-

**फ्रेंडली बनें:** आपका बेटा या बेटी किसी भी उम्र का स्टूडेंट हो, उन्हें कठोर स्वभाव के व्यक्ति से पढ़ना अच्छा नहीं लगता। अपने बच्चे के साथ आपका बिहेवियर दोस्ताना और प्यार भरा होना चाहिए ताकि वह खुलकर अपनी प्रॉब्लम्स को आपके साथ डिस्कस कर सके। हां, इसमें एक बैलेंस रखना जरूरी है, बच्चे आपको फ्रेंडली मदर ही समझें, न कि अपनी फ्रेंड समझने लगें।

**संवाद कायम रखें:** आप लगातार पढ़ाती चली जा रही हैं, बच्चा भी आपकी बात सुनता या नोट करता है, लेकिन बाद में आपको पता चलता है कि आप बच्चे को क्या पढ़ाती हैं, उसे कुछ समझ में ही नहीं आता है। ध्यान रखिए, जो कुछ बच्चे को पढ़ाएं, बीच-बीच में उससे संबंधित सवाल जरूर पूछती रहें। तभी आपको पता चल सकेगा कि वह आपकी बात समझ रहा है या नहीं। जब बच्चा ठीक से समझ रहा होता है तो वह आपकी बात को गौर से सुनेगा और समझेगा।

**डिस्कस करें:** किसी सब्जेक्ट को पढ़ा लेने के बाद, आपका बच्चा उसे कितना समझ पाया और कौन-सा चैप्टर समझ में नहीं आया, इसका पता लगाने के लिए पढ़ाई के अंतिम 15 मिनट डिस्कशन और रिवीजन के लिए रखें। जो पढ़ाया है, उससे जुड़े सवाल बच्चे से पूछें। आस-पास के दूसरे सहपाठी बच्चों को भी बुला लें, एक-दूसरे से सवाल पूछने को कहें। इससे आप समझ जाएंगी कि आपके बच्चे ने कितना समझा है। एक तरह से उसकी भी पढ़ाई हो जाएगी।

**थोड़ा-सा फन भी हो:** पढ़ाई-लिखाई का माहौल बनाने के लिए जरा सा हंसी-मजाक भी जरूरी है ताकि बच्चे का मूड फ्रेश रहे। लगातार कोर्स की बातें करते रहना जरूरी नहीं है। बीच-बीच में आप कुछ इधर-उधर की ऐसी बातें भी करती रहें, जो उसकी पसंद की हों। हर दिन एक छोटी सी मोटिवेशनल स्टोरी सुनाएं, ऐसा सुनाएं जिससे बच्चा अपने को फ्रेश महसूस करे।

**डाइट का भी रखें ध्यान:** एग्जाम, नजदीक आते ही मांएं अपने बच्चों की याददाश्त बढ़ाने के लिए देशी घी का हलवा और न जाने क्या-क्या खिलाने लगती हैं। साथ ही बच्चे को खुश रखने के लिए वे उसका मनपसंद बर्गर, पिज्जा, समोसा आदि भी खाने को देती हैं। लेकिन अनजाने में ऐसा करके वे बच्चों का नुकसान ही करती हैं। एग्जाम टाइम में खान-पान पर कंट्रोल ज्यादा जरूरी है, उन्हें हेल्दी न्यूट्रिशियस डाइट ही दें, ताकि एग्जाम टाइम में बच्चों को जरूरी एनर्जी मिले।

## खबर संक्षेप



### रक्तदान शिविर का आयोजन

रोहतक। रोहतक कौशल प्रशिक्षण केंद्र में प्रोग्रेस पथ फाउंडेशन द्वारा थैलेसीमिया से प्रभावित मरीजों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव श्याम सुंदर के निर्देशन में शिविर लगया गया। निदेशक वीरेंद्र शर्मा, श्याम सुंदर व प्रीति ने सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर अनूप, सुखविंदर सिंह, योगेंद्र मुदगिल, सुनील शास्त्री, संदीप मुदगिल, भूप सिंह जांगड़ा, रामभज, सोनू, विकास आदि मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस पर लगाई कलात्मक प्रदर्शनी

रोहतक। भारतीय संविधान की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सोमवार को गणतंत्र दिवस पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के दृश्य कला विभाग द्वारा टैगोर सभागार में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कलात्मक प्रदर्शनी में संविधान के प्रमुख वास्तुकार डॉ. भीम राव अंबेडकर के साथ भारत के 15 राष्ट्रपतियों के चित्रों (कट आउट) को प्रदर्शित किया गया है। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस कला प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और प्रदर्शनी के कला कार्य की सराहना करते हुए इसके आयोजन के लिए दृश्य कला विभाग को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### योजनाओं का लाभ बच्चों को मिलना चाहिए

रोहतक। एडीसी नरेंद्र कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल और आंगनवाड़ी में जाने वाले बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर समय समय अनेक अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों में बच्चों के स्वास्थ्य चेकअप और अन्य उपचार का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी विभाग आपसी तालमेल बनाकर कार्य करें।

### मंत्री ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

रोहतक। विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गणतंत्र दिवस के समारोह से पूर्व स्थानीय महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार एक पर स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने विजिटर बुक में अपना संदेश भी दर्ज किया। पुलिस की टुकड़ी द्वारा शहीदों के सम्मान में शस्त्र उल्टे कर मातमी धुन बजाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, विंग कमांडर गौरिका सुहाग, कर्नल जेएस बल्हारा, कर्नल राजेंद्र सुहाग रहे।

## स्कूल-कॉलेजों में देशभक्ति के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

# स्वतंत्रता सैनानियों के बलिदान को याद कर लगाए देशभक्ति के नारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

द आर्यन ग्लोबल स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम और देशभक्ति के साथ मनाया। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ ने मिलकर भारतीय संविधान के महत्व और स्वतंत्रता संग्राम के महान बलिदानों को याद किया। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद छात्रों ने अंग्रेजी और हिंदी में भाषण दिए। छात्रों ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार संविधान ने हमारे देश को एक लोकतांत्रिक, स्वतंत्र और समानता का अधिकार देने वाला राष्ट्र बनाया है।



### देशभक्ति के गीतों की दी प्रस्तुति

रोहतक। श्री हरिहर धाम ट्रस्ट द्वारा जय मां गायत्री रुपया चौक झज्जर बाईपास पर हवन किया गया, इस मैके पर पंडित घनश्याम दास पत्नी सुशीला देवी मुख्य यजमान रहे। पंडित हरिओम वशिष्ठ ने बताया कि हर रविवार को हवन किया जाता है। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर बच्चों ने देश भक्ति के गीतों पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पंडित सुनील वशिष्ठ, रामबीर पहलवान, भगवान दास शर्मा, रेनू दलाल, अनील कुमार मौजूद रहे।



### गौड़ ब्राह्मण कॉलेज में मनाया गणतंत्र दिवस

रोहतक। गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में 76 वें गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा रहे। उन्होंने तिरंगा फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनसीसी ऑफिसर मेजर दलबीर कौशिक के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने परेड निकाली। उप प्राचार्य डॉ. धर्मवीर भारद्वाज, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. पिंकी चौहान, डॉ. तरुण वत्स, डॉ. सुखदेव, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. मनीषा खासा, डॉ. मनीषा कौशिक आदि रहे।

### स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांपला

गांव हसनगढ़ डीएवी स्कूल में 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। प्राचार्य वजीर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया राष्ट्रीय गान और सलामी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से सरोबोर नृत्य और गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर स्कूल की तरफ से प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।



### वेद मॉडल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

रोहतक। कलानौर स्थित वेद मोडल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर स्कूल वेद मॉडल टेलेंट टैस्ट व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के अलावा 100 से ज्यादा स्कूलों के लगभग 1500 प्रतिभाशाली बच्चों ने भाग लिया। वेद मॉडल टेलेंट टैस्ट में प्रथम स्थान के लिए 41000 नकद व 20000 की स्कॉलरशिप, दूसरी पोजिशन में 41000 नकद व 20000 की स्कॉलरशिप, तीसरे स्थान पर रहने वाले बच्चे को 31000 नकद व 20000 की स्कॉलाशेप रखी गई है। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों के लिए भी अलग से नकद व स्कॉलरशिप के इनाम हैं। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान के लिए 7100, द्वितीय के लिए 5100 नकद ईनाम रखा गया है।

# प्रेम और सपनों की अधूरी दास्तान 'दयाशंकर की डायरी' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

त्रिशंकु फाउंडेशन, सप्तक कल्चरल सोसाइटी एवं सोसर्ग स्टूडियो के संयुक्त तत्वाधान एकल नाटक दयाशंकर की डायरी का शानदार मंचन किया गया। नादिरा जहीर बब्बर के लिखे नाटक दयाशंकर की डायरी का निर्देशन प्रसिद्ध रंगकर्मी विश्वदीपक त्रिखा ने किया तथा अभिनय सुरेंद्र कुमार ने किया। विश्वदीपक त्रिखा ने बताया कि नाटक की कहानी एक ऐसे नाकाम अभिनेता की दास्तान है जो घर परिवार की जिम्मेदारियों के कारण नौकरी करने पर मजबूर हो



जाता है तथा नौकरी में उलझ कर अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाता। इसी दौरान उसे अपने बॉस की खूबसूरत बेटी से एकतरफा प्रेम हो जाता है। उसके आस-पास के लोग एक अमीर लड़की के लिए एक गरीब क्लर्क के प्रेम को बर्दाश्त नहीं कर पाते। नाटक के अंत में दयाशंकर पागलखाने पहुंच जाता है, जहां उसके प्रेम और सपनों का दर्दनाक अंत होता है। दयाशंकर का अभिनय करने वाले अभिनेता सुरेंद्र कुमार ने बताया कि हम सभी कहीं न कहीं दयाशंकर का जीवन जी रहे हैं। सभी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए अपने सपनों को दांव पर लगाते हैं। इसलिए इस चरित्र को मंच पर प्रस्तुत करना बहुत अच्छा लगता है।

इस नाटक में जगदीप जुगनू ने पाश्र्व संगीत संचालक की भूमिका अदा की तथा समीर ने प्रोडक्शन इंचार्ज का कार्यभार संभाला। मंच संचालन चेरी गिरधर ने किया।

# हरीश कौशिक बने दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक के प्रधान व उप-प्रधान पद का चुनाव बैंक के मुख्यालय में हुआ। सतीश कुमार रोहिल्ला ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में निदेशक मंडल के निर्वाचित सदस्य एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां हरियाणा के प्रतिनिधि के रूप में सरिता राठी, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां रोहतक एवं प्रबंध निदेशक हरको बैंक के प्रतिनिधि के रूप में महाप्रबन्धक कुलदीप कौशिक ने भाग लिया। निदेशक मंडल के निर्वाचित 9 सदस्यों सहित रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां हरियाणा एवं प्रबन्ध निदेशक हरको बैंक के प्रतिनिधियों के समर्थन से हरीश कौशिक को प्रधान एवं अभिमन्यु को उप प्रधान चुना गया। चुनाव प्रक्रिया में निदेशक मंडल के सदस्य अत्तर सिंह रापड़िया, प्रीत सिंह, सत्यवान सिंह, पूजा, मंजु देवी, देवेन्द्र, राजेश कुमार, दिनेश बतरा शामिल हुए। हरीश कौशिक को लगातार दूसरी बार दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक का प्रधान चुना गया( हरीश कौशिक ने प्रधान बनने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर का आभार जताया।



### गणतंत्र दिवस पर एमटीएफसी संस्था में किया कार्यक्रम



रोहतक। कन्हैली रोड स्थित एमटीएफसी संस्था में 76 वें गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नेहरू युवा केंद्र का विशेष सहयोग रहा। राजेंद्र जैन (पूर्व महामंत्री, जैन स्थानक, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली) मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आदित्य बत्तरा द्वारा एवं संयोजन जैन सभा के महासचिव नरेश जैन द्वारा किया गया। समाजसेवी गुलशन ढ़ल, अंशु जैन एवं राम भगत गर्ग सभी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



### महम में चेयरमैन ने आकर्षक परेड की सलामी ली

महम। 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उपमण्डल महम के राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण मे हर्षोल्लास एवं धूम-धाम के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्यातिथि केशकला बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर ने राष्ट्रधुन के साथ राष्ट्रध्वज फहराकर आकर्षक परेड की सलामी ली और परेड का निरक्षण किया। इससे पहले यशपाल ठाकुर ने आजाद चौक स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। समारोह में हरियाणा पुलिस, राजकीय महाविद्यालय महम के छात्र-छात्राओं, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरकड़ा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महम, बहलबा व महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल महम की बैंड की धुन के साथ टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया।

### किसानों ने गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर मार्च निकाला

रोहतक। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर लंबित मुद्दों को हल करवाने के लिए गणतंत्र दिवस पर किसान- मजदूरों ने शहर में ट्रैक्टर मार्च निकाला। ट्रैक्टर मार्च से पहले सैकड़ों किसान नई अनाज मंडी रोहतक में एकत्रित हुए और सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर धामड़ ने कहा कि 25 नवंबर को पेश की गई नई कृषि व्यापार नीति को रद्द करवाना, सी-2 +50 प्रतिशत के हिसाब से एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी, बिजली कानून और स्मार्ट मीटर योजना को रद्द, पराली कानून के किसान विरोधी प्रावधानों को वापिस लेने,किसान मजदूरों की कर्जा मुक्ति, करना , फसल बीमा कम्पनियों की लूट बंद करवाने के लिए किसान पूरी तरह से लामबंद हैं।



## एमडीयू में हर्षोउल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

# आजादी के महानायकों को किया श्रद्धा से याद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गणतंत्र दिवस, हमारे देश के लोकतंत्र, संविधान और स्वतंत्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारा संविधान न केवल हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का निर्धारण करता है, बल्कि यह यह भी सुनिश्चित करता है कि हमारे देश में सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे के अधिकार प्राप्त हों। यह कहा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने। वीसी गणतंत्र दिवस समारोह में संबोधन दे रहे थे। एमडीयू में गणतंत्र दिवस पूरे उल्लास, उत्साह और राष्ट्रीयता की भावना के साथ मनाया गया।कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एफडीसी लॉन ग्राउंड में तिरंगा



रोहतक। टैगोर सभागार में कार्यक्रम दीप जलाकर शुभारंभ करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। फोटो: हरिभूमि

फहराया। एमडीयू एनसीसी यूनिट द्वारा मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। जिसके बाद टैगोर सभागार में कैंपस स्कूल और छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में देशभक्ति कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। राष्ट्र प्रेम के रंग में सरोबार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां गणतंत्र दिवस को जीवंत कर गई। रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने भी देशभक्ति गीत- भारत का रहने वाला हूं भारत की बात सुनाता हूं और मेरा करमा तू की शानदार प्रस्तुति दी। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने इस समारोह का संयोजन किया। निदेशक युवा कल्याण डॉ., प्रताप राठी ने समन्वयन सहयोग दिया। कुलपति ने इस अवसर छात्र कल्याण विभाग द्वारा आयोजित स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग और डिबेट प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसबीआई की तरफ से कैंपस स्कूल की जरूरतमंद छात्राओं को निःशुल्क साइकिल भी वितरित की गई। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान, रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, प्रॉक्टर प्रो. राजेश पूनिया समेत विवि के अधिकारीगण, डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, गैर शिक्षक कर्मी, कैंपस स्कूल के शिक्षक, स्टाफ, विद्यार्थी और अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### संविधान का करें सम्मान

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस का यह अवसर हमें यह याद दिलाता है कि हमें अपने संविधान का आदर करना चाहिए और इसका पालन करते हुए अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए। हम सभी को यह समझना चाहिए कि हमारे लोकतंत्र की ताकत हमारी एकता और विविधता में है। हमारी संस्कृति, भाषा, धर्म, और विश्वास अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन हम सभी भारतीय हैं, और हमें एक साथ मिलकर अपने देश की प्रगति के लिए काम करना चाहिए। कैंपस स्कूल इंचार्ज वरिष्ठ शिक्षक विवेक कौशल ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। मंच संचालन शिक्षिका रेणु बाला और सीमा मलिक ने किया।

## न्यूज डायरी



### शिक्षक-शिक्षा में बदलाव विषय पर सेमिनार

रोहतक। वीबी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में शिक्षा नीति 2022 शिक्षक शिक्षा में बदलाव विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के संयोजक चेयरमैन सुदर्शन मलिक रहे। यह सेमिनार महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के शिक्षा विभाग के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की सहकार्यता से आयोजित किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि प्रोफेसर नीरू राठी, विशिष्ठ अतिथि प्रोफेसर एसके यादव रहे। मुख्य वक्ता प्रोफेसर सरोज यादव (पूर्व डीन, शैक्षिक विभाग, परियोजना समन्वयक, एनपीईपीपीएईपी रहे। सेमिनार में शिक्षा नीति के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया और बच्चों के ज्ञानात्मक, भावात्मक और क्रियात्मक तीनों पक्षों का विकास करने पर बल दिया। इस अवसर पर डायरेक्टर संतोष मलिक, कार्यक्रम सचिव प्राचार्या तृष्णा वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



### स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

रोहतक। गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में अंग्रेजी कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें नर्सरी, केजी, यूकेजी के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की कहानी सुनाने की क्षमता को बढ़ावा देना, कल्पना शक्ति का विकास और उन्हें आत्मविश्वास से भरपूर करना रहा। विद्यार्थियों ने लॉयन एंड द माउस, थ्रस्टी क्रॉ, फॉक्स एंड द ग्रेप्स, रैबिट एंड टर्टल, चिकू एंड द चॉकलेट, टॉमी एंड द बॉन आदि पर कहानियां सुनाकर सभी के चेहरों पर मुस्कुराहट बिखेर समां बांधा। कक्षा नर्सरी से बाणी ने प्रथम, दृष्या ने द्वितीय व देवांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा केजी से ईशा ने प्रथम स्थान, जुबेर ने द्वितीय जबकि अनन्या, आयान, दृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा यूकेजी से हेमांक ने प्रथम स्थान, शिवन्या ने द्वितीय और हानविका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या मशेंका, साक्षी आहूजा, कनिका चावला, मोनिका, रितु खुराना आदि उपस्थित रहे।



### लघुकविता गोष्ठी का आयोजन

रोहतक। प्रज्ञा साहित्य मंच द्वारा लघुकविता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में डॉ. मधुकांत, प्रो. शामलाल कौशल, आशा खत्री 'लता', अर्चना कोचर, अंजना गर्ग, स्नेह बंसल, आशा विजय विभोर, पवन गहलोत, प्रो. नरेंद्र गर्ग एवं रजनी उपस्थित रहे। सभी साहित्यकारों ने समाज, देश एवं विश्व में व्याप्त विसंगतियों पर प्रहार करते हुए लघुकविताओं का पाठ किया। डॉ. मधुकांत ने लघुकविता सृजन पर मार्गदर्शी वक्तव्य देते हुए आधुनिक तकनीक की सहायता से विभिन्न मंचों के माध्यम से साहित्य के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. शामलाल कौशल ने की। उन्होंने साहित्यकारों द्वारा पढ़ी गयी रचनाओं में उठाये गए विभिन्न विषयों और उनमें व्याप्त चेतना, सम्वेदना पर संतोष व्यक्त किया। लघुकविता गोष्ठी का संचालन डॉ. अंजना गर्ग ने किया।डॉ. मधुकांत ने सभी का आभार व्यक्त किया।



### एचडी स्कूल में हुआ सड़क सुरक्षा सेमिनार

रोहतक। बहुअकबरपुर स्थित एचडी स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया गया। अध्यापिका मोनिका बल्हारा व विनीता ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। अध्यापिका मोनिका ने छात्रों को सड़क सुरक्षा सप्ताह 2025 की थीम सुरक्षित सड़कें सुरक्षित भविष्य से अवगत कराते हुए कहा कि हम सभी को सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभाने की आवश्यकता हैं, सड़क सुरक्षा नियम सड़क चलने वाले हर व्यक्ति पर लागू होते हैं, चाहे वे कोई भी हो। चाहे आप पैदल चल रहे हों या कार चला रहे हों, आपको सुरक्षित यात्रा के लिए सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। निदेशक सुरेंद्र फौगाट ने सड़क सुरक्षा के महत्व

### केवीएम कॉलेज में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



रोहतक। केवीएम नर्सिंग कॉलेज में शनिवार को ओथ टेकिंग सेरिमनी और लैंप लाइटिंग समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारी व कर्तव्य एवं उनके कार्य के प्रति दृढ़ता एवं निश्चयता के बारे में बताया गया। उन्हें उनकी प्रोफेशनल करियर में उतरने के लिए शपथ दिलाई गई और साथ ही विद्यार्थियों को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन चरित्र के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों ने जीवन भर नर्सिंग प्रोफेशन के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली। कॉलेज के चेयरमैन कर्मवीर मायना ने नर्सिंग प्रोफेशन के बारे में बताते हुए उन्हें समर्पण के लिए प्रोत्साहित किया और हौसला बढ़ाया।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra TRUST BUILDER'S

नि:संतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430


श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धन की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान

पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक





# हर नागरिक को संविधान से मिला स्वतंत्रता का अधिकार : कृष्ण लाल







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आज से 75 वर्ष पहले सन 1950 में आज ही के दिन लागू हुए संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला है। यह बात विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार 26 जनवरी को राजीव गांधी खेल परिसर में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्यातिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद जिला वासियों को कही। उन्होंने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र व गणराज्य देश है। उन्होंने समारोह में मास पीटी शॉ प्रस्तुत करने वाले दोनों ग्रुपों को अपने स्वैच्छिक कोष से 21-21 हजार रुपये, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सभी 9 प्रतिभागी स्कूलों की टीमों को 11-11 हजार रुपये देने तथा प्रतिभागी स्कूलों में 27 जनवरी को अवकाश की घोषणा की। उन्होंने परेड में शामिल पुलिस की टुकड़ियों का सांत्वना परुस्कार व नकद पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा कि होमगार्ड की टुकड़ी को एसपी द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

## हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम चलाया

खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सरकार द्वारा पूरे देश में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जो पवित्र संविधान के प्रति सरकार की सच्ची आस्था व निष्ठा को दर्शाता है। यह युवा पीढ़ी को संविधान की मूल भावना से अवगत करवाने की एक अनूठी पहल है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आजादी के बाद पहली बार व्यापक स्तर पर की गई है। देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेता सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपतराय, सरदार बल्लभ भाई पटेल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरूषों और स्वतंत्रता सेनानियों ने कड़ा संघर्ष किया। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्र शेखर आजाद और उधम सिंह जैसे क्रांतिकारियों के बलिदान के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

## भव्य मार्च पास्ट की ली सलामी

गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह के मुख्यातिथि विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत खुली जीप में सवार होकर परेड में शामिल टुकडियों का निरीक्षण किया। इसके बाद परेड कमांडर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांची सिंघल के नेतृत्व में परेड में शामिल 10 टुकड़ियों ने मुख्य मंच के सामने से गुजरते हुए भव्य मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। मुख्यातिथि ने इन टुकड़ियों की सलामी ली। स्वतंत्रता सेनानियों व वीर नारियों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सम्मानित किया। विभिन्न 27 विद्यालयों के 3235 विद्यार्थी सामूहिक शारीरिक अभ्यास का प्रदर्शन किया। इसके उपरांत 9 विभिन्न विद्यालयों की सांस्कृतिक टीमों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत तथा भारतीय संविधान की विशेषताओं पर आधारित भव्य प्रस्तुतियां दी। मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वयं वाद्ययंत्रों को बजाया तथा गायन भी स्वयं किया। इन सभी सांस्कृतिक टीमों को सम्मानित किया गया। विभिन्न 17 विभागों द्वारा कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करती शानदार झांकियां निकाली गई, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया गया। समारोह का समापन मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले राष्ट्रगान से हुआ।

## इन प्रतिभागियों को किया सम्मानित

समारोह में परेड में शामिल टुकड़ियों में से हरियाणा पुलिस महिला टुकड़ी ने प्रथम, एनसीसी गर्ल्स की टुकड़ी ने द्वितीय तथा स्काउट गाइड ब्वॉयज की टुकड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। होमगार्ड की टुकड़ी, बाबा मस्तनाथ स्कूल की एनसीसी गर्ल्स टुकड़ी व ब्वॉयज टुकड़ी तथा स्काउट गाइड गर्ल्स की टुकड़ी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। झांकियों में पीएम पोषण योजना, निपुण हरियाणा इत्यादि को प्रदर्शित करने वाली समग्र शिक्षा की झांकी प्रथम, गन्ना पिराई से चिनी निर्माण की पूरी प्रक्रिया प्रदर्शित करती रोहतक सहकारी चीनी मिल की झांकी द्वितीय तथा वातानुकूलित बसों सहित यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं को प्रदर्शित करती परिवहन विभाग की झांकी तीसरे स्थान पर रही। इन सभी को सम्मानित किया गया।

## यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा एवं उनकी धर्मपत्नी प्रियंका, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांची सिंघल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान, उपमडलाधीश आशीष कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, रोहतक डिपो के महाप्रबंधक बीबी गोगिया, एचएसवीपी के संपदा अधिकारी मुकुंद तंवर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, दीपक हुड्डा, धर्मबीर शर्मा, एडवोकेट अनीता बुधवार, संदीप कुमार उर्फ बाबा सुखा शाह, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, डीपीसी रेनू खत्री, खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला एवं रितु पंघाल, तहसीलदार राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



## मुख्यातिथि का किया अभिनंदन

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने समारोह के मुख्यातिथि विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यातिथि को राष्ट्रीय ध्वज फहराने व परेड निरीक्षण के फोटो फ्रेम भेंट किए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांची सिंघल, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगराधीश अंकित कुमार भी मौजूद रहे।

## सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

मुख्य अतिथि कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सुशासन से सेवा के संकल्प के साथ जनसेवा का दायित्व संभालने वाली वर्तमान सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए समस्त हरियाणा और प्रत्येक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी।

## आदर्श स्कूल में परेड का किया प्रदर्शन



**महम।** आदर्श स्कूल, मदीना में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। प्रधानाचार्या मंजू लता ने तिरंगा फहराते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र और अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का प्रतीक बताया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य और अभिनय प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत कर दिया। बच्चों द्वारा नकली संसद सभा प्रणाली का प्रदर्शन किया गया। परेड प्रदर्शन ने बच्चों में देशप्रेम की भावना को और मजबूत किया। छात्रों के परेड प्रदर्शन के बाद सभी विद्यार्थियों को दिल्ली से प्रदर्शित होने वाली परेड को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। उप प्रधानाचार्या अंशु हुड्डा ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों का स्मरण कराते हुए संविधान की शक्ति पर बल दिया। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में ऐसे आयोजनों को बच्चों में देशप्रेम और सामूहिकता की भावना जागृत करने वाला बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सैनी एजुकेशन सोसाइटी में कार्यक्रम आयोजित



**रोहतक।** सैनी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी जसबीर सैनी एवं मुकेश सैनी, प्रधान अवनीश कुमार सैनी आदि ने ध्वजारोहण किया। जसबीर सैनी ने कहा कि संविधान के प्रति हमारी निष्ठा ही देश को एक सूत्र में बांधे रखती है। आजादी के बाद संविधान ने हमें जीवन के मौलिक अधिकारों से अवगत करवाया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, अनेकता में एकता, हरियाणवी डांस, आध्यात्मिक, योगा व देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सैनी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित स्कूलों व कॉलेज के मेरिट प्राप्त छात्र-छात्राओं, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अध्यापिकाओं व प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धर्म सिंह दहिया, बलजीत सिंह सैनी, बुधराम सैनी, जगदीश कुमार सैनी, रविंद्र कुमार सैनी, नफे सिंह, बलवंत सैनी, दीपक सैनी, कन्या स्कूल की मैनेजर ऋतुराज सैनी, डॉ राजेश सैनी, अमित सैनी, डॉ देवेंद्र सैनी, सुमित सैनी, देवेंद्र सैनी, प्रदीप सैनी, विपिन सैनी, जगदीश सैनी, सुरेंद्र मयंक सैनी, सुनील सैनी, राजकुमार सैनी, जगदीश सैनी, दयाचंद सैनी, राम सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

## द आर्यन स्कूल में दी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति



**रोहतक।** लाखन माजरा स्थित द आर्यन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में मनमोहक नृत्य प्रस्तुति के साथ विंध्या सदन ने अंतर सदनीय नृत्य प्रतियोगिता में विजय हासिल की। इसके बाद अंतर सदनीय कबड्डी के फाइनल मैच में नीलगिरी सदन विजेता रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में जीत के साथ ही इस सदन को पूरे वार्षिक सत्र का सर्वश्रेष्ठ सदन भी चुना गया। स्कूल की परंपरा के अनुसार सर्वश्रेष्ठ नीलगिरी सदन को विद्यालय के प्रथम डायरेक्टर ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) कुलदीप सिंह गुलिया द्वारा स्कूल को भेंट की गई असली सारागढ़ी ट्रॉफी दी गई। यह सारागढ़ी ट्रॉफी ब्रिगेडियर गुलिया को सेना में कार्यरत रहने के दौरान मिली थी, जो की वर्ष 1897 के बैटल ऑफ सारागढ़ी में सिखों के शौर्य का सूचक मानी जाती है। इस दौरान विभिन्न खेलों में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, एनसीसी में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाले कैडेट्स और स्कूल के वार्षिक नतीजे में उच्च प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी ट्राफी तथा नगद पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल संचालन कमेटी के प्रधान तेजिंदर आर्य, स्कूल प्रबंधक अनीता सिंह एवं कोऑर्डिनेटर डॉ अंशुल सहित अन्य मौजूद रहे।

## आर्य स्कूल में कार्यक्रमों ने किया मंत्र मुग्ध



**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में 76वें गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीयगान व तिरंगे को सलामी देने के साथ किया गया। बच्चों ने देशभक्तिगीत, भाषण, कविता पाठ, सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य और हास्य व्यंग्य इत्यादि से सबको मंत्र मुग्ध किया। मार्शल आर्ट और परेड के द्वारा बच्चों ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। वरिष्ठ शिक्षक धर्मवीर, कुलदीप और सागर ने अपनी ओजस्वितापूर्ण गायन शैली से सबके हृदय में वीर रस का संचार किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्य अशोक दांगी ने सभी अध्यापकों, छात्रों, अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की और अपनी योग्यता और प्रतिभा के माध्यम से देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। निदेशिका लतेश दांगी ने भारत को स्वतंत्र करवाने वाले समस्त शहीदों, देशभक्तों और क्रांतिकारियों को श्रद्धापूर्वक याद किया व उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर छात्रों सहित टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## शहीदों को नमन किया



**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक, रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर एवं रोटरीक्लब आफ सिटी रोहतक द्वारा गणतंत्र दिवस मनाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि मुख्य अतिथि समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन, रवि गुगनानी, नरेश जैन, सतीश बाबू गोयल क्लब के प्रधान राकेश जैन, विनोद जैन, सुशील गुप्ता, डॉ. जेपी अरोड़ा, अजय गुप्ता, सचिव सुनील जैन, शिव ऐरन, सुमित परुथी, सीए सुशील जैन आदि ने ध्वाजारोहण किया व सभी ने राष्ट्रीय गीत गाया। इसके बाद सुभाष चन्द्रबोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और सलामी दी। शहीदों को नमन किया। राजेश जैन ने कहा कि आज जो हम आराम की नींद सो रहे हैं वो उन्हीं सैनिकों की बदौलत है जो की अपनी जान की परवाह ना करते हुए देश के हर नागरिक की बार्डर पर रक्षा कर रहे हैं।

**शुभकामनाएं दीः**
वहीं सेक्टर 1 स्थित एलपीएस हाऊस में स्टॉफ द्वारा 76वां गणतंत्र महोत्सव मनाया गया। समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन ने परिवार सहित झंडा रोहण किया। राजेश जैन ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकमानाएं दी।

## हमारा संविधान समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों का प्रतीक



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ उत्सव की शुरुआत हुई। ध्वजारोहण के बाद एनसीसी बॉयज और गर्ल्स यूनिट, श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल एनसीसी यूनिट, एनएसएस, यूथ रेड क्रॉस और स्काउट एंड गाइड यूनिट ने शानदार प्रदर्शन दिया। परेड का नेतृत्व लेफ्टिनेंट डॉ. अनिल डूडी ने किया। कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने भारतीय संविधान की महत्ता और इसके मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान न केवल विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, बल्कि यह समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे मूल्यों का प्रतीक भी है। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गए। इस अवसर पर श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल के डायरेक्टर कृष्ण मालिक व प्रिंसिपल सुरेंद्र सिंह, यूनिवर्सिटी कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार, एकेडमिक अफेयरस नवीन कपिल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग, डीन हयूमेनिटीज एंड लिबरल एजुकेश, डीन ऑफ साइंस, डीन ऑफ फार्मेसी डीन ऑफ आयुर्वेदा, डीन ऑफ नर्सिंग असिस्टेंट रजिस्ट्रार एलएन बत्रा, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, कोऑर्डिनेटर व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा।




## उपकार हाई स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

**रोहतक।** उपकार हाई स्कूल में गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. विजय कायत तथा मुख्य अतिथि निर्मला कायत द्वारा झंडा फहराया गया। ध्वज के सम्मान में छात्रों ने राष्ट्रगान गाया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य व संगीत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। स्कूल की पूर्व छात्रा किरण ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ अपने अनुभव साझा किए कि किस प्रकार से उन्होंने अपने जीवन में उपलब्धियों को हासिल किया। प्रतिभागियों को बाबा कपिल पुरी द्वारा सम्मानित किया गया।

## एक्स सर्विसमैन फार्म हाउस पर हुआ ध्वजारोहण



**रोहतक।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शीतल नगर गली नंबर 6 एक्स सर्विसमैन फार्म हाउस पर ध्वजारोहण किया गया। बीजेपी जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका व पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अजय बंसल ने ध्वाजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बता दें कि यह आयोजन वार्ड नंबर 21 से अमित उर्फ नीटू ने करवाया। अमित ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वार्ड की समस्याओं के समाधान करवाने के हमेशा प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर वजीर खोखर, रवि हुड्डा, विजय दहिया, विजय पंडित, कारण सिंह, जगबीर डीघल, अशोक पंडित, सतनारायण पंडित, सुरेश डीघल, सुरेंद्र लाला, योगेश पंचाल, रवींद्र दलाल, धर्मपाल बराक, राकेश जांगरा, सोनू जांगड़ा, नरेंद्र पांचाल, संजय राव, साठी टैंट, प्रदीप दलाल, रविंदर दलाल, बीरेंद्र जांगरा, जोगिंदर मायना, श्रीभगवान, बिजेंद्र, सुरेंद्र मास्टर, गौतम मास्टर डीघल, अजीत प्रजापत, फौजी हंसराज, राजेंद्र डीघल, प्रदीप डीघल, संदीप फौजी, एक्स सर्विसमेन फॉर्महाउस 6 नंबर गली के सभी साथी, डीके सर्विस सेंटर, धर्मप्रकाश फौजी, राजीव आदि उपस्थित रहे।

## पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया और गार्ड की सलामी ली। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक,कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉक्टर एच के अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और राष्ट्रगान के साथ सभी उपस्थित लोगों ने सम्मान किया। इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर एसके सिंघल, आईएमएस के निदेशक कम सीईओ



**रोहतक।** ध्वजारोहण करते कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल।

डॉक्टर राजीव गुप्ता, डीन डॉक्टर कुलदीप लालर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, डीन छात्र कल्याण डॉक्टर एमजी वशिष्ठ, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस लोकतंत्र की जीत का प्रतीक

डॉक्टर एचके अग्रवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की जीत का प्रतीक है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि बहुत जल्द संस्थान के कई प्रोजेक्ट पूरे होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में हॉर्टिकल्चर टीम द्वारा कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट इन एनसीआर रीजन एंड एडज्वाइनिंग एरियाज के आदेशों की पालना करते हुए विश्वविद्यालय के नए गेट से लेकर ओपीडी तक ग्रीन बेल्ट को तैयार किया जा रहा है।

## शिक्षा भारती स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**रोहतक।** शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. एसएन मिश्रा अध्यक्ष शिक्षा भारती एजुकेशन सोसायटी रहे। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से और निष्ठा के साथ निर्वहन करना एक विशेष प्रकार की देशभक्ति ही है। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक और कविताओं के माध्यम से उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों और हमारे संविधान की महिमा को दर्शाया। एक विशेष नाटक में बच्चों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की झलक प्रस्तुत की, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि यह दिन हमें हमारे संविधान की ताकत और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का सम्मान करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्रों को शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और देश की सेवा और एकता बनाए रखने की शपथ के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा,



उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबन्धक रामचरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डॉ. दिनेश मदान ने शुभकामनाएं प्रेषित की।